गोटेगांव में खाद की किल्लत से परेशान किसान

गोटेगांव, देशबन्धु। जब-जब किसानों की फसलों के लिए उर्वरक की आवश्यकता पड़ती है, तब-तब उसकी कमी बताई जाती है। ऐसे ही स्थानीय नगर के कुम्हड़ाखेड़ा में स्थित सहकारी विपणन संघ मर्यादित भंडारण केंद्र गोटेगांव में इस समय डीएपी खाद की भारी किल्लत से किसान परेशान हैं। सरकारी समिति पर डीएपी खाद उपलब्ध न होने की वजह से किसान गेहूं की बुआई समय पर नहीं कर पा रहे हैं। इससे फसल लेट हो रही है और किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। वहीं समिति पर डीएपी खाद नहीं पहुंचा है।

जबकि किसान डीएपी के लगातार समितियों के चक्कर काटकर परेशान हो रहे हैं। उसके बाद भी खाद डीएपी नहीं मिल पा रहा है। लेकिन अभी तक हालात जस के तस बने हुए हैं। किसान समिति के चक्कर काटने के लिए मजबूर हैं।

गेहूं की बुआई के लिए किसानों ने जमीन का बखरनी कर दिया था, लेकिन बुआई के लिए किसानों को डीएपी नहीं मिल रही है। डीएपी न मिलने के कारण जमीन सूख रही है। जिसकी वजह से किसानों की गेहूं की फसल लेट हो जाएगी और जिसका पैदावार पर भारी असर पड़ेगा। जिससे किसानों को भारी नुकसान हो सकता है। समितियों पर खाद न मिलने के कारण

संबंधित विभाग खामोश

किसान आस-पास के निजी कृषि दुकानों से औने पौने दामों पर डीएपी खरीदने को मजबूर हैं। इससे छोटे और गरीब किसान सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। उसके बाद भी प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

गोटेगांव सरकारी गोदाम में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है जबकि जिला प्रशासन बता रहा है पर्याप्त मात्रा में उर्वरक डीएपी उपलब्ध है, देखा जाए तो वही गोटेगांव के निजी कृषि दुकानों में डीएपी 15 सौ से 16 सौ रुपए के बीच में किसानों को बेचा जा रहा है, प्रभु यह कैसा चमत्कार है,जब सरकार खुद डीएपी भेजती जिले में तो फिर सरकारी गोदाम में डीएपी क्यों उपलब्ध नहीं है, जबकि वहीं डीएपी प्राइवेट कृषि दुकानों पर भरपूर मात्रा में डीएपी उपलब्ध है और उसे ऊंचे रेट पर बेचा जा रहा है।

गौरतलब हो कि पूरे जनपद में किसान डीएपी की किल्लत से परेशान हैं। सहकारी समितियों पर खाद की कमी है। जो खाद आ रहा है, वह एक दो दिन में खत्म हो रहा है। सैकड़ों किसान बिना खाद रह जाते हैं।

यहां डीएपी खाद न मिलने से किसान खाद केंद्र के बाहर चक्कर लगाने के लिए मजबूर हैं। किसान खाद केंद्र में आते हैं और खाद न मिलने पर मायूस होकर वापस घर को लौट जाते हैं।

इनका कहना हैं -

अभी गोदाम में डीएपी उपलब्ध नहीं है एक हफ्ते बाद डीएपी की रैंक आएगी तभी किसानों को उपलब्ध होगा

एसके गायकवाड
यूरिया वेयर हाउस गोटेगांव।

शासकीय कन्या विद्यालय की छात्राओं को साइकिल वितरित

करेली, देशबन्धु। करेली के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को साइकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

इस समारोह में विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई जब उन्हें साइकिलें वितरित की गईं कन्या स्वरूप छात्राओं के मुस्कुराते हुए चेहरे देख उपस्थित जानो ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

उक्त कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, समाजसेवी रमेश कोचर, नपा अध्यक्ष सुशीला ममार, उपाध्यक्ष अनीता नेमा ,मंडल अध्यक्ष रजत चौहान, बृजेश माते, सुरेंद्र, मोहन नेमा, भूपेंद्र ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार सहित अन्य सामाजिक लोग शामिल हुए। जिन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए शासन का इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ वितरण में शामिल हुए । इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री

जालम सिंह पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा तक पहुंच को सुगम बनाना अत्यंत आवश्यक है। कई छात्र केवल दूरी और परिवहन की असुविधा के कारण स्कूल तक नहीं पहुंच पाते हैं, जिससे उनकी शिक्षा में बाधा उत्पन्न होती है। साइकिलों के वितरण से इन छात्रों को स्कूल जाने में आसानी होगी, जिससे उनके शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार होगा और उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी इसके साथ ही हमारी सरकार द्वारा लगातार शिक्षा के क्षेत्र ने छात्र छात्राओं को आगे बढ़ने में मदद के साथ उन्हें प्रोत्साहन देने का काम भी कर रही है । जहां उन्हें लेपटॉप,स्कूटी के साथ बाहर की पढ़ाई के लिए भी मदद की विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल विद्यार्थियों को फायदा होगा बल्कि अभिभावकों का भी भरोसा बढ़ेगा कि उनके बच्चे अब नियमित रूप से स्कूल जा सकेंगे।

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्रद्धा श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और ग्राम स्तर पर शैक्षिक विकास को गति मिलेगी साइकिल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दे रही थी विद्यालय की छात्रा ने उत्साहित होकर बिटिया मुस्कान ने कहा "मैं पहले पैदल चलकर स्कूल जाती थी, जिससे काफी समय और ऊर्जा खर्च हो जाती थी अब साइकिल मिलने से मैं समय पर स्कूल पहुँच सकूंगी और अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान दे पाऊंगी।"

इसी तरह, अन्य छात्रों ने भी अपनी खुशी और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह साइकिल उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाने वाली है उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, अभिभावक और स्थानीय शिक्षक भी उपस्थित रहे सभी ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा यह कदम विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

सार-समाचार

स्वामी विवेकानंद स्कूल में खो-खो प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

सौसर, देशबन्धु। नगर एवं आस पास की निजी शैक्षणिक संस्थाओं का संगठन प्राइवेट शाला संघ सौसर के तत्वाधान में खेलो इंडिया स्पोर्ट्स चैंपियनशिप थीम पर आयोजित इंटर स्कूल प्रतियोगिता के अंतर्गत खो खो प्रतियोगिता का उद्घघाटन नगर के स्वामी विवेकानंद स्कूल मे एसडीओपी डिव्हीएस नागर एवं बीआरसी चैनसा यादव के मुख्य अतिथ्य में तथा स्वामी विवेकानंद स्कूल के संचालक मारोतराव बुले की प्रमुख उपस्थिति में निजी शालाओं के संचालक की प्रमुख उपस्थिति में खो-खो प्रतियोगिता का उदघाटन हुआ । जिसमे सौसर क्षेत्र एवं आस पास के निजी शैक्षणिक संस्थाओ के अंडर 14, अंडर 17 के बालक बालिकाओ ने हिस्सा लिया था ।

ज्ञान ज्योति स्कूल का 41 वां आनंद मेला एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

नैनपुर, देशबन्धु। नैनपुर विकास समिति द्वारा संचालित ज्ञान ज्योति स्कूल का 41 वां आनंद मेला एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन समिति के अध्यक्ष बैनीशयाम खडेलवाल, उपाध्यक्ष सत्य नारायण, सचिव जीवन साहू, सह सचिव डॉ. राजेन्द्र पाठक, कोषाध्यक्ष बंशीधर अग्रवाल व जूनियर सदस्यों की उपस्थिति मे भवयता के साथ सम्पन्न हुआ शाला के नर्सरी से लेकर हायरसेकेडी के छात्रों ने अपनी प्रसतुती दी बडी संख्या मे मौजूद पालको ने आयोजन की सराहना की।शाला के गौरव शाली छात्रों एंव शिक्षको सम्मानित किया गया व म प्र की प्रवीण सूची प्रथम आने वाली छात्रा अनुष्का अग्रवाल के साथ ही अन्य छात्रों को भी सम्मान दिया गया समिति ने शाला के प्राचार्य से लेकर सभी शिक्षको की सराहना की । समिति के संस्थापक बेनीशयाम खडेलवाल ने मप्र की प्रवीण सूची में आनेवाले छात्रों को पचास हजार एंव जिले में प्रवीण सूची वाले छात्रों को दस हजार दिये जाने की निरंतरता की घोषणा की ।

नल जल योजना का संचालन करने में असमर्थ पंचायत की पंच ने की शिकायत

रामाकोना, देशबन्धु । हमेशा से सुर्खियों मे रहने वाली जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत रामाकोना के आश्रित ग्राम बिछवि मे बीते कुछ दिनों से नल जन योजना प्रभावित है जिसको लेकर ग्राम के पंच दिलीप राजुके ने सौसर अनुविभागीय अधिकारी से शिकायत की गयी समस्या का समाधान नहीं होने पर पंचायत के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे ।

सिवनी में पहली बार सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनोरंजन मेला भी

सिवनी, देशबन्धु। बांबे ट्रेड फेयर प्रदर्शनी सिवनी महोत्सव मेला सिवनी में पहली बार ऐसा मनोरंजन मेला लगने जा रहा है जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे देवी जागरण संगीत नृत्य एवं लोकल कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे मेले में बच्चों की मनोरंजन के लिए झूले और भी कई प्रकार के मनोरंजन की व्यवस्था होगी इस मेले में लोकल व्यापारियों के साथ-साथ कई प्रदेशों के व्यापारी स्टॉल लगाकर नई-नई वस्तुओं का विक्रय करेंगे एवं कम दामों में लोगों तक इसका लाभ दिलाने का प्रयास करेंगे जिससे आमजन को भी इसका लाभ मिल सके मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम गौरव सम्मान सेवा समिति के द्वारा किया जाएगा संस्था के संचालक राजकुमार सिंह एवं आसिफ खान ने पत्रकार वार्ता में बताया कि सिवनी में मेला लगाने का उद्देश्य है इस बार कुछ नया करना है मेरा शहर मेरी पहचान के थीम पर मेला आयोजित किया जाएगा जैसे सभी विद्यालयों के टॉपर बच्चों को सम्मानित करना स्कूल के बच्चों की प्रतिभा बढ़ाने के लिए मेले के स्टेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन एवं उन्हें सम्मानित करना साथ ही जिले में जो भी अच्छे कार्य कर रहे हैं उन्हें सम्मानित करना जिससे उनका मनोबल बड़े और मेरे शहर में मेरी पहचान बने ।

मेले में सुरक्षा के सभी इंतजाम किए गए हैं ताकि किसी को कोई समस्या ना हो मेले की और भी जानकारी के लिए संस्था की वेबसाइट gauravsamman.com पर देख सकते हैं व मेले में छूट का लाभ ले सकते हैं ।मेले में सेल्फी एवं रील कंपटीशन में भी भाग लेकर उपहार का प सकते हैं । मेले की और भी जानकारी के लिए मेले की वेबसाइट में देख सकते हैं । आसिफ खान ने बताया कि सभी लोग मेले में आए और मनोरंजन के साथ-साथ कम दामों में खरीदारी करें कंपटीशन में भाग ले और अपने जिले में अपनी अलग पहचान बनाएं मेले में मनोरंजन का लाभ उठाएं सिवनी में ऐसा पहली बार हो रहा है एक साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम मेला एवं उपहार हमारा उद्देश्य है सभी को इसका लाभ मिले।

खुदी पड़ी है सड़क, निर्माण धीमा और धूल से त्रस्त है जनता

चौरई देशबन्धु। काफी लंबे समय से सड़क विकास प्राधिकरण मध्यप्रदेश के अंतर्गत सिवनी जिले के ग्राम बंडोल से चौरई चाँद बाईपास तक सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ है जिसे ठेकेदार उदित इंफ्रा कम्पनी द्वारा कार्य किया जा रहा है, यह कार्य अपनी समय सीमा से तीन गुना समय ले चुका है फिर भी प्रशासन से मिलीभगत के चलते बिंदास कछुए की चाल से निर्माण कार्य कर रहा है।

पूरी रोड खुदी पड़ी है। आवागमन दूभर हो गया है। पूरी सड़क के किनारे रहने वाले रहवासी एवं सड़क पर चलने वाले पैदल और वाहन चालकों को धूल के कारण बीमारी ने घेर लिया है। भारी मात्रा में प्रदूषण हो रहा है अभी कुंडा रोड़ पर कृषि उपज मंडी से चौरई कुंडा तिराहे तक सीमेंट कांक्रीट टू वे रोड का निर्माण किया जा रहा है। ठेकेदार ने कृषि मंडी से तिराहे तक बनी बनाई डामरीकरण वाली सड़क को भारी मशीनों से खोद दिया है। मंडी तक सड़क नाम की चीज ही नही बची। ठेकेदार के दर्जनों वाहन सड़क के दोनों किनारे खड़े रहते है।

कई आधुनिक मशीनों के खड़े रहने और आधे अधूरे सड़क के कार्य से प्रति दिन कृषि मंडी तक आने जाने वाले वाहन फंस जाते है। यह रोड बहुत चलती है। 25 से अधिक ग्रामों की प्रमुख सड़क है। साथ ही स्वास्थ विभाग का क्षेत्र का एकमात्र सामुदायिक स्वास्थ्य भवन भी इसी सड़क के किनारे है।

सड़क का निर्माण बहुत धीमी इफ्तार से हो रहा है यदि इतनी धीमी रफ्तार से कार्य करना है तो पूरी सड़क नही खोदना था यदि यही रफ्तार रही तो यह सड़क 2025 तक भी पूर्ण नही हो पाएगी सड़क के किनारे रहने वाले नीरज सिंघई ,मिलन टेलर, कपिल वर्मा ने बताया कि हमने चौरई के एसडीएम एवं विभाग के अधिकारियों से भी अपनी परेशानी बतलाई। जब से सड़क खुदी है कई वाहन दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं परंतु ठेकेदार के कान में जूं तक नही रेंगती।

उन्होंने बतलाया कि हमारे घरों के बुजुर्ग जन बीमार पड़ सांस एवं दमा के मरीज हो रहे हैं। प्रशासन से लोगो की मांग है कि सड़क जल्दी बनाई जाए एवं सुबह शाम तीन टाइम पानी का छिड़काव करवाया जाए। सड़क किनारे रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे आन्दोलन करने पर बाध्य होंगे।

नपा अध्यक्ष ने निर्माण कार्य देखा

चौरई, देशबन्धु। चौरई नगरपालिका अंतर्गत नगर में करोड़ो रूपये के विकास कार्य अपना आकार ले रहे है। शुक्रवार 22 नबंवर को आज नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष पूर्णिमा शरद जैन ने निर्माण कार्यों को देखा।

उनके साथ उपाध्यक्ष सिरपत् नायक सभापति डॉ. धर्मेंद्र जैन , सुरेंद्र सोनी , कुलदीप उइके, पार्षद अमित चौरसिया, सीएमओ अभय राज, इंजीनियर आशिक खां, संजय सुकांत, शहीद मंसूरी

भी थे। नगरपालिका के जिम्मेदार कर्मचारी गणों ने निर्माण कार्यो को गति देने और गुणवत्ता पूर्वक कार्यपूर्ण करने के निर्देश देने हेतु स्थल पर पहुँचे।

इंडोर बेडमिंटन हाल, कंमुनिटी हाल 2 के साथ एक नया स्टेडियाम ग्राउंड का कार्य प्रगति पर है, साथ ही नगर में बहुत सी रोड में बीटी कार्य के साथ सी सी कांक्रिट सड़क निर्माण कार्य भी किया जा रहा है । सभी कार्यो का अवलोकन प्रतिनिधियों द्वारा किया गया।

गीता ज्ञान यज्ञ का समापन आज

सिवनी, देशबन्धु। ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सौजन्य से गीता ज्ञान यज्ञ, दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 तक, गत 17 नवंबर से 23 नवंबर तक अभिषेक कॉलोनी स्थित बच्चों के गार्डन में निरंतर किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से 8:30 तक म्यूजिकल एक्सरसाइज, योगा और दैनिक सुविचार पर चर्चा एवं दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक योगशक्ति ब्रह्मकुमारी गीता दीदी के द्वारा बहुत ही सरल शब्दों में गीता ज्ञान सार गर्वित एवं अनुकरणीय बातें बताई जा रही है जिसमें प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। महिलाएं बच्चे एवं पुरुषों द्वारा उक्त कार्यक्रम का लाभ उठाया जा रहा है आज के गीता ज्ञान में - यदि आज इंसान अपने संकल्प बोल और कर्म में पर पहरा रखें और सदैव यह ध्यान रखें कि मेरे संकल्प बोल कर्म यदि औरों को दुख देने वाले होंगे तो लौट कर मेरे पास दुख ही आएगा और यदि मेरे संकल्प बोलकर सदा सभी को सुख देने वाले होंगे तो यह निश्चित है कि मेरे पास सुख ही लौट कर आएगी । इसलिए भगवान ने गीता में कहा है जैसा कर्म करेगा वैसा फल देगा भगवान यह है गीता का ज्ञान, रामायण भी यही कहती है।

शिक्षक विजय ठाकुर बने अध्यक्ष, हुआ शपथ ग्रहण

करेली, देशबन्धु । शिवशक्ति मंदिर कुचबंधिया करेली के सभागार में विगत दिवस कुचबंधिया समाज सभा के त्रिवार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए जिसमें विजय ठाकुर जी शिक्षक को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया वहीं नवयुवक मंडल के अध्यक्ष का भी गठन हुआ,जिसमें अध्यक्ष पद पर राकेश कुमार ठाकुर निर्वाचित किए गए ।

आज पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी की उपस्थिति में समाज के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ विष्णु ठाकुर पहाड़ीलाल माना महेश ठाकुर रजत चौहान संदीप ममार

बसंत तिगनाथ ब्रजेश माते पार्षद हेमंत मेहरा संगीता शर्मा ज्योति सोनी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में समाज के कार्यों का विस्तृत ब्यौरा रखा इसके साथ ही विगत वर्षों में समाज हित में हुए कार्यों का खाका पेश किया गया इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने समाज के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी शपथ ग्रहण कराई एवं समाज हित में सदैव कार्य करने एवं समाज के सभी लोगों को एक साथ आगे बढ़ने की बात कही इस अवसर पर उपस्थित पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्वल भविष्य की कामना की इसके साथ ही उन्होंने बताया कि समाज के कार्यों को करना आसान नहीं होता सभी को साथ लेकर निज हित त्याग करना होता है जब कही समाज सही दिशा में कार्य कर पाती है ।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जनो ने पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल का आभार व्यक्त किया जिन्होंने समाज की धर्मशाला हेतु भवन निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराई उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया उक्त अवसर पर मनोज ठाकुर, मुकेश ठाकुर, भूपेंद्र ठाकुर, संतोष ठाकुर, अरविंद ठाकुर, संजू ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, संतोष ठाकुर विवेक सिंह ठाकुर, राहुल ठाकुर, सुशील ठाकुर, सचिन, अमन, सोनू,नीरज आदि सामाजिक लोगो की उपस्थिति रहे।

181 पर झूठी शिकायत करने वाले के खिलाफ सचिव संघ ने सौंपा ज्ञापन

बिछुआ, देशबन्धु। नगर में शुक्रवार को जनपद पंचायत के सभी सचिवों ने सीएम हेल्पलाइन में झूठी शिकायत कर मानसिक रूप से परेशान करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ तहसीलदार और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

सचिव संघ के अध्यक्ष रामकरण गोदेवर ज्ञापन देते हुए बताया कि जनपद पंचायत बिछुआ अंतर्गत आने वाली सभी 50 पंचायतो में आयें दिन कथित पत्रकारों के द्वारा सचिवों एवं सरपंचों को फोन पर कॉल कर के पैसे की डिमांड करते है और उनकी बात नहीं मान पर सीएम हेल्पलाइन नं. 181 में फर्जी शिकायत कर दी जाती है। और जब पोर्टेल से शिकायत वापस लेने के एवज सचिव से रूपयें की मांग करते हैं। शिकायतकर्ता के द्वारा पैसा देने पर ही शिकायत बंद करने की बात कहीं जाती है। सभी पंचायतो में शिकायतकर्ता के द्वारा एक ही प्रकार की शिकायत लगाई जा रही है। जिससे सरपंच एवं सचिवों को मानसिक रूप से प्रताडित होना पड़ रहा है वहीं सभी सचिवों ने संबंधितों झूठी शिकायत करने वाले के खिलाफ प्रशासन से कठौर कार्यवाही करने मांग की है। ताकि झूठी शिकायत करने वालों छुटकारा मिल सकें।

ज्ञापन देते समय आजाद सचिव संघ के तहसील संघ के अध्यक्ष रामकरण गोदेवार, शाहिद खान,जय श्याम रतने, सुनील भास्कर, विष्णु प्रसाद शर्मा, सदाशिव देशमुख,बलराम बाघमारे, हेमन्त दुबे, माखनलाल माड़ेकर, उमेश साहू, रविन्द्र उईके, श्याम जंघेला, सेवाराम उईके, सुलोचना छेरके, सुदामा कोचे, पंजाबराव बट्टी, हरिचंद्र भलावी, गोपीलाल उईके,सुरेश कोचे, जितेंद्र भैसारे, पंचराम इनवाती,गणपत खापरे, बिसराम बिसने,रंजना चोपड़े,सुनिता सिल्लु, सहित सचिव मौजूद रहे।

एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित

बिछुआ, देशबन्धु। गुरुवार को जनपद मैदान में संस्कृति मंच डांस काम्पीटेशन ग्रुप के द्वारा आयोजित एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव संरक्षक पुर्व विधायक रमेश दुबे कांग्रेस विधानसभा प्रभारी प्रीतम पटेल के द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया । कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे सवाई भट्ट ने अपने गीतों से मंत्र मुग्ध किया दिल्ली से आए कवि सुदिप भोला ने शहिद परिवार को कविता समर्पित कर आशीर्वाद लिया।10 प्रति भागी ने भागीदारी निभाया जिसमें प्रथम पुरस्कार 51हजार नटनम ग्रुप छिंदवाड़ा द्वितीय 21हजार दिव्य ज्ञान पब्लिक स्कूल एवं विद्या विहार पब्लिक स्कूल बिछुआ तृतीय 11हजार ब्लैक पैंथर ग्रुप छिंदवाड़ा को मिला। स्थानीय डांस ग्रुप में आईटी इंटरनेशनल स्कूल, सतपुड़ा स्कूल, एकलव्य स्कूल सिंगारदि , कन्या परिसर बिछुआ,वालकैनो ग्रुप के द्वारा भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई श्रोताओं ने खूब तालियां बजाकर उत्साह बढ़ाया। ग्राम पुलपुलडोह निवासी सैनिक कबीर दास उईके कि माता एवं भाई छिंदवाड़ा निवासी सैनिक विक्की पहाड़े कि पत्नी बेटा बहेंन। जबलपुर से सैनिक अश्विनी काछी के माता-पिता को संस्कृति मंच के द्वारा शाल श्रीफल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

दैनिक राशिफल

शनिवार 23 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्ग शीर्ष कृष्ण पक्ष की अष्टमी नक्षत्र-मघा।

मेष
किसी नए काम की शुरुआत के लिए सुबह का समय अनुकूल रहेगा। आज सरकारी लाभ होने की संभावना है।

वृषभ
आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी है। आज मित्रों तथा स्नेहीजनों के साथ हुई मुलाकात से मन खुश रहेगा।

मिथुन
आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी है। आज मित्रों एवं परिजनों के सहयोग से आपके कठिन काम आसानी से हो पाएंगे।

`क- 119-234

कर्क
आज आय के मुकाबले खर्च अधिक रहेगा। आंखों में दर्द की समस्या आ सकती है। मानसिक चिंता बनी रहेगी। लोगों से सादगीपूर्ण व्यवहार करें।

सिंह
आज सुबह का समय बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आनंदप्रद और लाभप्रद समाचार मिलेंगे।

कन्या
आपका दिन अनुकूल रहेगा। परिजनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोस्तों और स्वजनों से उपहार मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों के काम से अधिकारी खुश रहेंगे।

तुला
आज सुबह आपका मन किसी बात को लेकर चिंता में रहेगा। शारीरिक रूप से शिथिलता और आलस्य बना रहेगा।

वृश्चिक
आध्यात्मिकता और ईश्वर की प्रार्थना से अनिष्ट से बच सकेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे।

धनु
आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। सुबह के समय आप आनंद और मनोरंजन में डूबे रहेंगे। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा।

मकर
बातचीत करते समय क्रोध ना करें। परिवार में सुख-शांति और आनंदपूर्ण वातावरण बना रहेगा। मान सम्मान मिलने की भी संभावना है।

कुंभ
कला के प्रति आज आपकी रुचि ज्यादा रहेगी। खर्च ज्यादा रहने से आप परेशान हो सकते हैं। संतान से संबंधित कोई चिंता आपको हो सकती है।

मीन
आज अधिक इमोशनल होने से बचें। ज्यादा सोच-विचार करने से आप चिंता में रहेंगे। जमीन और मकान संबंधी काम के लिए आज समय अच्छा नहीं है।

म. 580-780

3,4,7,8,30,41,74,81,18,44,84,80